# प्रमुख घटनाएं और उपलब्धियां

## (जून, 2019)

*****

**मुख्य कार्यकलाप और उपलब्धियाँ**

- अब तक 52,744 आयुष्मान भारत- स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्रों (एचडब्ल्यूसी) को अनुमोदन प्रदान किया गया है। एचडब्ल्यूसी पोर्टल पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई रिपोर्टों के अनुसार इनमें से 19,501 एचडब्ल्यूसी 1 जुलाई, 2019 तक प्रचालनात्मक हैं।

- 1 जुलाई, 2019 तक कायाकल्प पुरस्कार योजना के अंतर्गत कुल 4481 स्वास्थ्य केन्द्रों को पुरस्कार दिए गए हैं।

- गुजरात में 13 एवं 14 जून, 2019 को राष्ट्रीय किशोर एचआईवी/एड्स परामर्शन का आयोजन किया गया। परामर्शन का मुख्य उद्देश्य युवा कार्यक्रम नीतियों के कार्यान्वयन पर सहायक निदेशक (युवा), राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी (एसएसीएस) का क्षमता निर्माण करना था। एसएसीएस, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नेहरू युवा केन्द्र संगठन (एनवाईकेएस), जनसंख्या परिषद, संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या निधि (यूएनएफपीए), संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय (यूएओडीसी), एचआईवी/एड्स एलायंस इंडिया, फैमिली हैल्थ इंटरनेशनल (एफएचआई 360) से 80 भागीदारों ने परामर्शन में भाग लिया।

- चुने हुए राज्यों में 13 एंटि रिट्रोवायरल थेरेपी (एआरटी) केन्द्रों में पंजीकृत एचआईवी ग्रस्त व्यक्तियों (पीएलएचआईवी) में मृत्यु के विशिष्ट कारणों का मूल्यांकन करने के लिए नाको ने वर्बल ऑटोप्सी पर एक पायलट परियोजना प्रारंभ की है। इस संबंध में परियोजना के दौरान प्रयुक्त किए जाने वाले मानक वर्बल ऑटोप्सी साधनों पर 26 से 29 जून, 2019 तक नई दिल्ली में एक प्रशिक्षण संचालित किया गया। प्रशिक्षण में नाको और एसएसीएस के कर्मचारी, एसएसीएस के संयुक्त निदेशक, एआरटी केन्द्रों के काउन्सलर तथा एमओ और एफएचआई 360 के प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

- भारतीय चिकित्सा परिषद (संशोधन) विधेयक 2019 को (भारतीय चिकित्सा परिषद (संशोधन) द्वितीय अध्यादेश बदलने हेतु) 27 जून, 2019 को संसद में प्रस्तुत किया गया।

- विभिन्न चिकित्सा कॉलेजों/संस्थाओं के 18 स्नातकोत्तर (ब्रांड स्पेशियलिटी एवं सुपर स्पेशियलिटी) पाठ्यक्रमों को मान्यता देने संबंधी अधिसूचनाएं और 15 मेडिकल कॉलेजों को मान्यता प्रदान करने संबंधी अधिसूचनाएं जारी की गई।

- फरवरी, 2017 से चरणबद्ध तरीके से प्रारंभ किया गया मिजल्स रूबेला (एमआर) अभियान 32 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में पूरा कर लिया गया।

- 18 मई- 8 जून, 2019 के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में मनाया गया गहन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा 31 अगस्त, 2019 तक विस्तारित कर दिया गया है।

- मंत्रिमंडल ने 12 जून,2019 को आयोजित अपनी बैठक में स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग पर भारत और किरगिस्तान के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया। इस समझौता ज्ञापन पर दिनांक 14 जून, 2019 को हस्ताक्षर किए गए।

- राष्ट्रीय दृष्टिहीनता एवं दृष्टि बाधा नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत वित्त वर्ष 2019-20 में जून, 2019 महीने तक लगभग 5.84 लाख मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा की गई, स्कूली बच्चों को 26,151 नि:शुल्क चश्में वितरित किए गए और दान किए गए 6164 नेत्र एकत्र किए गए।

- जून, 2019 के महीने में आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के अंतर्गत प्रगति निम्नानुसार हैं:-

| जून, 2019 में पीएमजेएवाई की प्रगति | | | |
|---|---|---|---|
| मैट्रिक | 1 जून, 2019 तक की स्थिति | 1 जुलाई, 2019 तक की स्थिति | जून, 2019 में प्रगति |
| जारी किए गए ई-कार्ड | 39,534,106 | 3,48,45,011 | 4,689,095 |
| अस्पताल में भर्ती किए गए लाभार्थी | 3,108,771 | 26,59,853 | 448,918 |
| भर्ती हेतु अधिकृत राशि | 4186.6 करोड़ | 3578.6 करोड़ | 608.0 करोड़ |
| प्रस्तुत किए गए दावे | 2,485,614 | 20,86,374 | 399,240 |
| प्रस्तुत किए गए दावों की राशि | 3324.2 करोड़ | 2765.0 करोड़ | 559.2 करोड़ |
| दावों की औसत संख्या | 13,374 | 13,253 | 14,007 |
| अनुमोदित दावे | 1,734,959 | 14,65,052 | 269,907 |
| दावों की अनुमोदित राशि | 2213.9 करोड़ | 1896.8 करोड़ | 317.1 करोड़ |
| पैनलबद्ध अस्पताल | 15,774 | 15,224 | 550 |
| एनएचए कॉल सेंटर (14555) द्वारा कुल कॉलों के दिए गए उत्तर | 4,199,197 | 40,76,913 | 122,284 |
| Mera.pmjay.gov.in पर कुल प्रयोक्ता | 12,265,576 | 1,12,78,564 | 987,012 |
| कुल पीएमजेएवाई ऐप स्थापनाएं | 3.21 लाख | 2.92 लाख | 0.29 लाख |
| टिप्पणी- पीएमजेएवाई ई-कार्ड कांउट के अतिरिक्त असम, कर्नाटक और तमिलनाडु ने अपनी संबंधित राज्य योजनाओं के लिए 4.7 करोड़ ई-कॉर्ड वितरित किए हैं। | | | |

*******